Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाइगर रिजर्व

प्रेस नोट

दिनांक 21.01.2014 को शिकार के प्रकरण में रेस्क्यू किये गये तेंदुए की अकाल मृत्यु

सतना वन मण्डल से सम्बन्धित शिकार का प्रकरण पी.ओ.आर. क्रमांक 5/12 दिनांक 21.02.2014 बरौधा परिक्षेत्र के बीट भटवा कक्ष क्रमांक 181 में रेस्क्यू किये गये तेंदुए की आज दिनांक 06.03.2014 को रात्रि 0130 बजे की अवधि में पन्ना टाइगर रिजर्व के हाउसिंग में देहान्त हो गया। पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबन्धन एवं वन्यप्राणी चिकित्सक डा. संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किये गये विशेष प्रयासों के बावजूद इस तेंदुए की जान को नहीं बचाया जा सका। क्लच वायर से इसके आगे का दाहिना पांव इतना बुरी तरीके से जख्मी हो गया था कि इनके नाखून व हड्डियां बाहर निकल आई। इस कारण हुए इन्फेक्शन के कारण इस तेंदुए का दिनांक 06.03.2014 को मध्य रात्रि में देहान्त हो गया। अत्यन्त दुख की बात है कि पन्ना टाइगर रिजर्व एवं लगे हुए क्षेत्रीय वन मण्डलों के विशेष प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र में शिकार का प्रकोप थम नहीं रहा है।

दिनांक 21.01.2014 को उत्तर पन्ना वन मण्डल से जप्त किये गये तेंदुए का चमड़ा पी.ओ.आर. क्रमांक 1625/12 दिनांक 21.01.2014 भी इसी बात की पुष्टि करता है। ऐसी स्थितियों में पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना की सफलता को नया आयाम देने के लिए एक बार फिर ''**जन संरक्षण से बाघ (समस्त वन्यप्राणी) संरक्षण**'' के लिए आव्हान किया जा रहा है।

''जय हिन्द''

दिनांक – 07.03.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना